The University of Fiji
Library
Saweni, Lautoka

# THE UNIVERSITY OF FIJI

## SCHOOL OF HUMANITIES & ARTS
## DEPARTMENT OF LANGUAGE, LITERATURE & COMMUNICATION

## HIC 211: Basic Grammar & Syntax

Semester 1 2013

Duration of Test: 3 hours
Reading Time: 10 minutes
Marks: 100

Name: ____________________
I.D Number: ______________

## निर्देश

क. जो भी प्रश्न पूछे जा रहे हैं उन्हें ध्यान से पढ़िए और उनका सही -सही उत्तर देने का प्रयास कीजिए ।

ख. इस परीक्षा पत्र में चार भाग हैं । सभी भाग अनिवार्य हैं ।

## भाग एक : सन्धि

*अंक 25*

<u>प्रश्न 1</u>

सन्धि किसे कहते हैं? सन्धि के कितने भेद हैं उनके नाम लिखिए ।

*अंक 5*

<u>प्रश्न 2</u>

अ. निम्नलिखित शब्दों के सन्धि विच्छेद कीजिए :

*उदाहरण : मनानुसार = मन + अनुसार*

1. देवालय
2. यथार्थ
3. अभीष्ट
4. नारीश्वर
5. वधूत्सव
6. यथेष्ट
7. वीरोचित
8. परोपकार
9. परमेश्वर
10. गंगोर्मि

*अंक 5*

आ. निम्नलिखित शब्दों में सन्धि कीजिए ।

*उदाहरण : सु + आगत* = स्वागत

1. सप्त + ऋषि =
2. सूर्य + उदय =
3. महा + उत्सव =
4. महा + ओजस्वी =
5. अति + अधिक =

6. सदा + एव =
7. प्रति + एक =
8. पितृ + आज्ञा =
9. नौ + अक =
10. भौ + उक =

*अंक 5*

<u>प्रश्न 3</u>

अ. निम्नलिखित शब्दों के सन्धि विच्छेद कीजिए :

*उदाहरण : वाग्दत्ता = वाक् + दत्ता*

घ. उद्गम
ट. सद्धर्म
ड. उच्चारण
ण. सन्मार्ग
थ. सद्गति

*अंक 2.5*

आ. निम्नलिखित शब्दों में सन्धि कीजिए ।

*उदाहरण : उत् + श्वास = उच्छ्वास*

घ. सम् + पूर्ण =
2. सम् + गत =
3. निर् + रस =
4. सम् + सार =
5. निर् + रोग =

*अंक 2.5*

प्रश्न 4

अ. निम्नलिखित शब्दों के सन्धि विच्छेद कीजिए :

*उदाहरण : मनोकूल = मन: + अनुकूल*

1. मनोयोग
2. अधोगति
3. दुरूपयोग
4. निराहार
5. मनोबल

*अंक 2.5*

आ. निम्नलिखित शब्दों में सन्धि कीजिए ।

*उदाहरण : दु: + आचार = दुराचार*

1. दु: + चरित्र =
2. नम: + ते =
3. दु: + साहस =
4. अत: + एव =
5. नि: + फल =

*अंक 2.5*

## भाग दो : समास

*अंक 25*

प्रश्न 1

समास किसे कहते हैं? समास के कितने भेद हैं?

*अंक 5*

प्रश्न 2

अ. निम्नलिखित समस्तपद का विग्रह करके समास का नाम बतलाइए :

*उदाहरण : यथायोग्य – जितना योग्य हो – अव्ययीभाव समास*

1. पाप – पुण्य
2. पीताम्बर
3. चौमासा
4. निडर
5. कमलनयन
6. रेखांकित
7. बेमतलब
8. गुरू दक्षिणा
9. सिर दर्द
10. आत्मविश्वास

*अंक 10*

प्रश्न 3

निम्नलिखित विग्रहों के समस्तपद बनाकर समास बताइए :

*उदाहरण : जन में प्रिय – जनप्रिय – अधिकरण तत्पुरूष समास*

1. रण में कुशल
2. भय से भीत
3. युद्ध के लिए भूमि

4. जेब को कतरने वाला
5. तुलसी द्वारा कृत
6. अदब के साथ
7. जीवन भर तक
8. सात दिनों का समूह
9. सत् है जो धर्म
10. दाल और रोटी

*अंक 10*

## भाग तीन : वाक्य

*अंक 30*

**प्रश्न 1**

अर्थ के आधार पर तथा रचना के आधार पर वाक्य के कितने भेद हैं? उदाहरण सहित लिखिए।

*अंक 10*

**प्रश्न 2**

नीचे दिए गए सरल वाक्यों को संयुक्त वाक्यों में लिखिए :

1. सपना के समझाने पर सब बच्चे तैयार हो गए ।
2. मैं पुस्तक पढ़ कर बाज़ार चली गई ।
3. श्याम को काम न आने के कारण कोई नौकरी नहीं देता ।
4. विभु पुस्तक लेने पुस्तक मेले में गया ।
5. माली पौधे लगाकर चला गया ।

*अंक 5*

**प्रश्न 3**

नीचे दिए गए मिश्रित वाक्यों को सरल वाक्यों में बदलो :

1. विपुल ने नेहा से कहा कि वे भी बद्रीनाथ चले ।
2. जो लोग ईर्ष्या करते हैं, मुझे पसन्द नहीं ।
3. जब वसन्त आता है, मन प्रसन्न हो जाता है।
4. जब पिताजी विद्यालय पहुँचे, अनन्त जा चुका था ।
5. उस बच्चे को बुलाओ जिसने लाल टीशर्ट पहनी है ।

*अंक 5*

## प्रश्न 4

नीचे दिए गए संयुक्त वाक्यों को सरल वाक्यों में लिखिए :

1. आँधी आई और आम झड़ गए ।
2. मैंने उसे कहा था. पर वह न मानी ।
3. कल बहुत सर्दी थी इसलिए कहीं नहीं गए ।
4. वह पढ़ता भी है और काम भी करता है ।
5. शनिवार को चुनाव है अत: कार्यालय बंद रहेंगे ।

*अंक 5*

## प्रश्न 5

नीचे दिए गए वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए :

1. छात्रों ने प्रधानमन्त्री को अभिनन्दन पत्र प्रदान किया ।
2. एक गाय, दो घोड़े और एक बकरी मैदान में चर रहे हैं ।
3. यह काम आप पर निर्भर करता है ।
4. हमारे शिक्षक प्रश्न पूछते हैं ।
5. मैंने एक वर्ष तक उनकी प्रतीक्षा देखा ।
6. हम तो अवश्य ही जाएंगे ।
7. तब शायद यह काम जरूर हो जाएगा ।
8. वह चलता चलता गिर गया ।
9. गाड़ी से जाने पर कोई खतरा तो नहीं ।
10. वह मेरी मुँह से बोली बहन है ।

*अंक 5*

## भाग चार : अलंकार *अंक 20*

**प्रश्न 1**

अलंकार किसे कहते हैं? शब्दालंकार तथा अर्थालंकार की परिभाषा लिखिए ।

*अंक 5*

**प्रश्न 2**

अतिशयोक्ति अलंकार किसे कहते हैं? उदाहरण सहित परिभाषा लिखिए ।

*अंक 5*

**प्रश्न 3**

*"कहती हुई यूँ उत्तरा के नेत्र जल से भर गए,*
*हिम के कण से पूर्ण मानो हो पकंज नए ।"*

ये कौनसा अलंकार है? इसकी परिभाषा लिखिए ।

*अंक 5*

**प्रश्न 4**

*"तीन बेर खाती थी,*
*वे अब तीन बेर खाती है ।"*

ये कौनसा अलंकार है? इसकी परिभाषा लिखिए ।

*अंक 5*

समाप्त